**भ्रष्टाचार** — नियम को ताक पर रखकर अधिकारी कर रहे अपनी जेबें गरम

# ग्राम पंचायत उमरिया में सरकारी खजाने की लूट



**चिल्हारी नवभारत 5 जुलाई।** जनपद पंचायत मानपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत उमरिया बकेली इस समय भ्रष्टाचार का मॉडल बनी हुई है, क्योंकि यह ग्राम पंचायत चारों तरफ से जंगल वनांचल के बीच एक दम किनारे बसी है। इस ग्राम पंचायत में जनपद व जिला के अधिकारियों की नजर नहीं पड़ती। यहां विकास के नाम पर सरकारी खजाने की ऐसी लूट मची है कि नियम-कायदे रद्दी के टुकड़ों की तरह उड़ाए जा रहे हैं।

सरपंच, सचिव और उपयंत्री (इंजीनियर) की त्रिमूर्तियों ने मिलकर पंचायत को अपनी निजी जागीर बना लिया है, जहां गुणवत्ता से समझौता और योजनाओं में बंदरबांट अब आम बात हो गई है।

### आदिवासियों को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ

बता दें कि वनान्चल के बीच बसी यह ग्राम पंचायत में गरीब तबके के हरिजन आदिवासी मजदूर लोग निवासरत है। इन्हें शासन की महात्वाकांक्षी योजानाओं का लाभ नही दिया गया बल्कि अपने चहेतों के ऊपर सरपंच सचिव ने शासन के नियमों को ताक में रख कर शासन की सासकीय राशि का खूब जी भरके दोहन किया गया है

### आवास योजना में भी भारी धांधली

भ्रष्टाचार यहीं नहीं थमा, प्रधानमंत्री आवास योजना में भी भारी धांधली उजागर हुई है। सरपंच लोकेश कुशवाहा ने नियमों को ठेंगा दिखाते हुए अपने सगे भाई को ही आवास का लाभ दिलवा दिया, जबकि गाइडलाइन स्पष्ट कहती है कि जनप्रतिनिधि अपने परिजनों को लाभ नहीं दे सकते। गाँव के असली जरूरतमंद आज भी झोपड़ियों में रहने को विवश हैं और संपन्न लोगों को सरकारी मलाई खिलाई जा रही है।

### सीसी रोड नहीं, भ्रष्टाचार की बिछी है परत

पंचायत में निर्माणाधीन सीसी रोड सरकारी मापदंडों की धज्जियाँ उड़ा रही है। मौके पर स्थिति यह है कि न तो सडक की चौड़ाई तय मानकों के अनुसार है और न ही इसकी मोटाई। सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि सड़क निर्माण में जिस रॉयल्टी वाली रेत का उपयोग होना चाहिए था, उसकी जगह तालाब की अवैध रेत खपा दी गई। सरपंच-सचिव ने अपनी जेबें भरने के लिए निर्माण की मजबूती को ही दांव पर लगा दिया है।

### प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल

जब इस भ्रष्टाचार के खेल पर सरपंच लोकेश कुशवाहा और सचिव मंगलेश्वर शुक्ला से पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन उठाना तक मुनासिब नहीं समझा। अफसरों और जन प्रतिनिधियों की यह चुप्पी मिलीभगत की ओर इशारा करती है।

## 5 .65 लाख के गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने दीनदयाल बस स्टैंड के पास कार्रवाई करते हुए 5,65,000 का अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। पुलिस ने मौके से सिहोरा निवासी एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस तस्करी नेटवर्क में शामिल दो अन्य आरोपियों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। तस्करी के तार सिवनी से जुड़े हैं। माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिहोरा का रहने वाला एक युवक लाल शर्ट और नीली जींस पहने, अपने पास काले और फिरोजी रंग के बैग में भारी मात्रा में गांजा छिपाकर दीनदयाल बस स्टैंड के बाहर सड़क किनारे किसी का इंतजार कर रहा है।

# बाघ के हमले में ग्रामीण चरवाहा घायल

मानपुर उपवन मंडल अंतर्गत खिचकिड़ी बीट की घटना



**चिल्हारी नवभारत।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर के मानपुर उपवन मंडल अंतर्गत खिचकिड़ी बीट में गत दिवस बाघ के हमले मे एक ग्रामीण घायल हो गया। घायल की पहचान मोतीलाल यादवके रूप मे हुई है।

जानकारी के अनुसार मोतीलाल यादव पिता मुन्ना यादव 45 मवेशी चराने जंगल गये थे। इसी दौरान बाघ ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी गर्दन के पीछे पंजों से चोट आई। घटना के बाद वन विभाग की टीम ने तत्काल उन्हें शासकीय वाहन से उपचार के लिए शहडोल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल नियंत्रण में है।

### सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करें

वन विभाग ने क्षेत्र के ग्रामीणों और चरवाहों से अपील की है कि बाघ एवं अन्य हिंसक वन्यजीवों की मौजूदगी वाले क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करें और सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करें।

# विद्यार्थी पूरी निष्ठा से अध्ययन कर लक्ष्य तय करें : वर्मा

▸ कैरियर गाइडेंस कार्यशाला का सफल आयोजन



**शहपुरा नवभारत, 5 जुलाई।** जनजाति कल्याण केंद्र महाकोशल बरगांव के केशव सभागार में कैरियर गाइडेंस कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आईएएस ऐश्वर्य वर्मा के करकमलों से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर आयोजक संस्था के अध्यक्ष मनोहर लाल साहू ने सेवा प्रकल्प के नवाचारी प्रयासों का परिचय कराया। मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि शहपुरा एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा ने 300 से अधिक उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी और युवा अपना लक्ष्य तय करें, पूरी निष्ठा से अध्ययन करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

**एसडीएम ने अपने अनुभव साझा किए**-उन्होंने अपने यूपीएससी सफलता के अनुभव साझा करते हुए कहा कि पढ़ाई में एकाग्रता, सही दिशा और बेहतर योजना के साथ की गई मेहनत ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने शहपुरा के स्थानीय सफल विद्यार्थियों का उदाहरण देते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि बड़े नाम या बड़े शहर से कुछ नहीं होता, स्वयं का विजन स्पष्ट होना चाहिए और लक्ष्य के प्रति निरंतर एकाग्र रहना चाहिए।

**प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े प्रश्नों को दिए उत्तर**-कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने चिकित्सक, शिक्षक, कलेक्टर, पुलिस सेवा, निजी क्षेत्र में व्यवसाय आरंभ करने सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े अनेक प्रश्न एवं जिज्ञासाएं रखीं, जिनका आईएएस वर्मा ने गंभीरता और उत्साह के साथ उत्तर दिया। विद्यार्थियों के चेहरे पर दिखाई दे रही मुस्कान से स्पष्ट था कि यह कैरियर गाइडेंस कार्यशाला उनके सुरक्षित भविष्य की आधारशिला सिद्ध होगी।

# परसेल शाला से लाखों की जिम सामग्री गायब




▸ विभागीय अधिकारी बने हुए हैं अनभिज्ञ

**अमरपुर नवभारत 5 जुलाई।** जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत प्राथमिक शाला परसेल में विभाग द्वारा जिम सामग्री क्रय कर शाला के एक कक्ष में रखी गई थी, लेकिन अब यह सामग्री गायब हो गई है।

प्राथमिक शाला परसेल में स्थापित जिम सामग्री से संबंधित, सुपुर्दनामा की जानकारी संबंधित शाला स्तर से प्राप्त की जा सकती हैं। यह लेख कर अधिकारियों ने इस संबंध से अपना पल्ला झाड़ लिया गया। परंतु जिम की सामग्री क्रय करने में शासन के लाखों रुपए व्यय किए गए हैं, फिर भी विभाग इतना लापरवाह हैं कि इसके सुरक्षा की ओर ध्यान नहीं दिया। सामग्री के रखरखाव की जिम्मेदारी से विभागीय अधिकारी अनभिज्ञ बने हुए हैं। इस प्रकार और भी शासकीय संपत्तियां हैं, जोकि भगवान भरोसे हैं।

**इनका कहना है**

यह घोटालों की सरकार हैं। इस शासन में ऐसे ही लूट मची हैं। जहां देखिए भ्रष्टाचार ही नजर आयेगा।

**महेंद्र ठाकुर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर**

# शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए

▸ एसडीएम ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली

**शहपुरा नवभारत।** एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा द्वारा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीईओ, बीआरसी, बीएसी एवं समस्त संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे।

बैठक में विद्यालयों के नामांकन अनुपात में वृद्धि, विद्यालयों के नियमित निरीक्षण तथा वर्षा ऋतु के दौरान स्कूलों में सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीएम वर्मा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विद्यालयों की वर्तमान स्थिति और व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। समीक्षा के दौरान एसडीएम वर्मा ने निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र विद्यार्थी का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित न रखा जाए और प्रवेश अभियान को गंभीरता से संचालित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालयों का नियमित भ्रमण कर शैक्षणिक गतिविधियों की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा ऋतु के दौरान विद्यालय परिसरों में सुरक्षा, स्वच्छता और आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। एसडीएम ने कहा कि बारिश के दौरान यदि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# बारिश के मौसम में बिजली के तारों से रहें सावधान

एक चूक पड़ सकती है भारी, अमरपुर चौकी प्रभारी की क्षेत्रवासियों से अपील



**चिल्हारी नवभारत 5 जुलाई।** मानसून के सक्रिय होते ही बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए अमरपुर चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह ने क्षेत्रवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों, टूटे या झूलते बिजली के तारों तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थित विद्युत उपकरणों के पास जाने से बचें, क्योंकि करंट का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। चौकी प्रभारी ने कहा कि यदि किसी कारणवश बिजली का मेन स्विच या अन्य विद्युत उपकरण चालू या बंद करना आवश्यक हो, तो रबर की चप्पल या जूते पहनकर ही यह कार्य करें। गीले हाथों से स्विच, बोर्ड या किसी भी बिजली के उपकरण को छूने से बचें।

### बिजली के खंभों के आसपास नहीं खेले बच्चे

उन्होंने बच्चों को बिजली के खंभों और ट्रांसफार्मरों के आसपास खेलने से रोकने तथा पशुओं को भी इन स्थानों से दूर रखने की सलाह दी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं बिजली का तार टूटा हुआ दिखाई दे, ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग हो रही हो या कोई अन्य विद्युत खतरा नजर आए, तो तत्काल बिजली विभाग और पुलिस को सूचना दें।

### विद्युत खतरे की सूचना तुरंत विभाग को दें

चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह ने कहा कि सुरक्षा ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। थोड़ी-सी सावधानी आपकी और आपके परिवार की जिंदगी बचा सकती है। बारिश के मौसम में जागरूक रहे, सुरक्षित रहे और किसी भी विद्युत खतरे की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें।

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में बनेंगे दो-दो आपदा मित्र स्वयंसेवक



**नवभारत उमरिया।** मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की आपदा मित्र योजना के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों मे स्वयंसेवकों का चयन किया जाएगा।

कलेक्टर राखी सहाय ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से दो-दो तथा प्रत्येक नगरीय निकाय से पांच-पांच स्वप्रेरित आपदा मित्र स्वयंसेवकों का चयन किया जाए। चयनित स्वयंसेवकों से निर्धारित घोषणा-पत्र भरवाकर एक सप्ताह के भीतर जिला कार्यालय भेजने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उन्हें आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा सके। योजना का उद्देश्य आपदा की स्थिति में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

# हल्की बारिश में ही जलमग्न हो जाता है श्मशान घाट पुल

शिकायतों के बाद भी नहीं जागा नगर परिषद, जल निकासी नहीं होने से बढ़ी समस्या



**शहपुरा नवभारत 5 जुलाई।** शहपुरा नगर परिषद की सफाई व्यवस्था और जल निकासी प्रबंधन पर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर के शहपुरा-उमरिया मुख्य मार्ग पर श्मशान घाट के समीप स्थित पुल पर हल्की बारिश होते ही जलभराव की स्थिति बन जाती है।

सड़क पर जमा पानी के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों, कॉलेज छात्र-छात्राओं और स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस संबंध में नगर परिषद को कई बार लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### विद्यार्थी व ग्रामीण इसी रास्ते से करते हैं आवागमन

यह मार्ग नगर का प्रमुख संपर्क मार्ग है। इसी रास्ते से प्रतिदिन शासकीय महाविद्यालय, छात्रावास, स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगरवासी आवागमन करते हैं। बारिश के दौरान पुल पर पानी भर जाने से लोगों को गंदे पानी के बीच होकर निकलना पड़ता है। तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों के कारण गंदा पानी राहगीरों और विद्यार्थियों के कपड़ों पर उछल जाता है, जिससे उन्हें काफी असुविधा होती है।

### शिकायत के बावजूद सुधार नहीं किया गया

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल और आसपास की नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण पानी की निकासी बाधित रहती है। परिणामस्वरूप मामूली बारिश में भी सड़क पर जलभराव हो जाता है। नागरिकों का आरोप है कि मोहल्लेवासियों और शासकीय महाविद्यालय के शिक्षकों ने इस समस्या को लेकर नगर परिषद को लिखित आवेदन भी सौंपा था, लेकिन शिकायत के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

### जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई

बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही यह समस्या और गंभीर हो गई है। यदि समय रहते जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में जलभराव बढ़ने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहेगी। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से पुल और नालियों की तत्काल सफाई कराने तथा स्थायी जल निकासी व्यवस्था बनाने की मांग की है, ताकि आम नागरिकों और विद्यार्थियों को राहत मिल सके।

# विद्यालय के बाजू में लगा है कचरे का अंबार

▸ ग्राम पंचायत उमरिया के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान



**चिल्हारी नवभारत 5 जुलाई।** मानपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया में जहां सरकार एक तरफ स्वच्छता को लेकर के स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, वही दूसरी ओर ग्राम पंचायत उमरिया (बकेली) विद्यालय के बाजू से ही नाडेप बना है, लेकिन वहां पूरी तरह से कचरा जमा है।

ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की बात करें तो कुंभकरण की निद्रा में सोया हुए हैं, वहीं इसकी घोर निंदा ग्रामीणों ने की है और शासन प्रशासन से गुहार लगाई कि इस समय तरह तरह की बीमारियां फैल रही हैं, वहीं साफ सफाई को लेकर यह एक समस्या नहीं, पूरे पंचायत के अंदर देखा जाए तो हर जगह यही समस्या देखने को मिल रही है।

### साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की मांग

ग्राम पंचायत उमरिया के ग्रामवासियों ने कहा कि शासन प्रशासन को इस विषय को संज्ञान में लेकर के साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखे ताकि कोई ऐसी बीमारी न विद्यालय के बच्चों को व ग्रामवासियों को हो सके। अब देखना है कि प्रशासन कितने दिनों बाद सफाई की जिम्मेदारी उठाता हैं और कब तक समस्या का समाधान होता है।



# लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें

समयसीमा की बैठक में कलेक्टर राखी सहाय ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**उमरिया नवभारत 5 जुलाई।** कलेक्टर राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समयसीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री निवास, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनों, जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार संबंधी पत्रों तथा फैक्ट न्यूज मामलों की विभागवार समीक्षा की। उन्होने विभागीय अधिकारियों से कहा कि इसी सप्ताह अधिकारी 100 दिन से अधिक की शिकायतों का निराकृत कर शून्य की स्थिति में लाएं साथ ही माह के प्रारंभ से ही सभी अधिकारी ए ग्रेड में आने का प्रयास करें।

### समन्वय बनाकर कार्य करें


उन्होने कहा कि कोई भी शिकायत अन अटेडेंट नही रहें। उन्होने महिला एवं बाल विकास विभाग से कहा कि आंगनबाडी का निर्माण पूर्ण करें। नवीन के लिए भूमि के चयन की कार्यवाही समय सीमा में करें। इसके साथ ही उन्होने गीता भवन के लिए उपयुक्त भूमि का चयन करनें के निर्देश दिए।

## गरीब रथ से गायब हुआ जी-9 कोच

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए रवाना होने वाली 11187 गरीब रथ शनिवार शाम एक गंभीर प्रशासनिक लापरवाही के कारण चर्चा का विषय बन गई। ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंची तो यात्रियों को पता चला कि उनकी बुकिंग वाला जी-9 कोच ट्रेन में मौजूद ही नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुरुआत में रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों को भी यह जानकारी नहीं थी कि ट्रेन से एक पूरा कोच गायब है। जब यात्रियों ने आरक्षण चार्ट का मिलान किया और अपने कोच की तलाश शुरू की, तब मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया। इस पूरी घटना पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि गरीबरथ ट्रेन का जी-9 कोच सिक था जिसे रिप्लेस कर दूसरा कोच तत्काल लगवा दिया गया था।

**आयोजन** — जी-राम-जी योजना का शुभारंभ, नवीन जनपद पंचायत भवन का किया गया भूमिपूजन

# जॉब कार्डधारी परिवारों को मिलेगा 125 दिन का रोजगार



**शहपुरा नवभारत 5 जुलाई।** आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी के जनपद पंचायत परिसर में विकसित भारत-जीराम-जी योजना का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण का भूमिपूजन भी किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, सरपंचों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धुर्वे ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक जॉब कार्डधारी परिवार को 125 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

### बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा : धुर्वे

उन्होंने जानकारी दी कि 1 जुलाई से मजदूरी दर बढ़ाकर 300 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है। साथ ही यदि निर्धारित समय-सीमा में मजदूरी का भुगतान नहीं होता है तो हितग्राहियों को विलंबित भुगतान का लाभ मिलेगा तथा ग्राम पंचायत द्वारा समय पर कार्य उपलब्ध नहीं कराए जाने की स्थिति में योजना के प्रावधानों के अनुसार बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा।

### आवश्यकताओं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करें

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत जल सुरक्षा एवं संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन एवं प्रतिकूल मौसम से निपटने संबंधी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन चार प्रमुख श्रेणियों के आधार पर ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अपनी कार्ययोजना तैयार कर विकास कार्यों का क्रियान्वयन करेंगी।